आवश्यकता है

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर)की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 152 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 14 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

जल्द लग सकती है आमचुनाव की आचार संहिता

केन्द्रीय केबिनेट की अंतिम बैठक भी संपन्न

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। देश के आम चुनाव को लेकर अधिकारी अपने काम में लगे हुए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रमों की घोषणा पर सभी की नजर टिकी है। बताया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी कर सकता है। इसी के साथ आचार संहिता भी लग जाएगी। बता दें कि देश के दो सह निर्वाचन आयुक्तो की घोषणा होना है। माना जा रहा है कि यह नियुक्ति होते ही निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम जारी कर देगा। इधर केन्द्रीय केबिनेट की अंतिम बैठक भी हो गई है। मतलब सरकार ने अपने सारे कार्य पूर्ण कर लिए है।

चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा को देखते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को हेडक्वार्टर पर ही रहने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेशभर में निर्वाचन काम में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। राज्य के सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी यानि कलेक्टर ने इस संबंध में आदेश जारी कर अवकाश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्यालयों पर ही रहना होगा और कोई भी बिना अनुमति के छुट्टी पर नहीं जा सकेगा। निर्वाचन अधिकारी का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आदेश के अनुसार लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने तक यह प्रभावी रहेगा। मतदाताओं में यह जिज्ञासा भी है कि इस बार लोकसभा चुनाव कितने चरणों में होंगे। पिछली बार यानि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में कराए गए थे। तब चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और देशभर में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच मतदान कराया गया था।

इतिहास: अध्यक्ष बनने वालों की राजनीतिक राह कठिन

कांग्रेस में अध्यक्ष रहते चुनाव जीतना मुश्किल, भाजपा में चार अध्यक्ष जीते, बनाया अपना रुतबा

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हो या ब्लॉक अध्यक्ष या किसी भी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, 30 सालों के इतिहास की बात करें तो कांग्रेस में अध्यक्षीय पद लेने के बाद राजनीतिक राह कठिन हो जाती है। विधायक विपीन जैन के अपवाद को छोड़ दे तो 30 साल में सात ऐसे नेता रहे जो अध्यक्ष बने रहते हुए न सिर्फ चुनाव हारे, बल्कि उनका राजनीतिक कॅरियर भी प्रभावित हुआ। इधर बात करें भाजपा की तो यहां कैलाश चावला, प्रहलाद बंधवार, ओमप्रकाश पुरोहित और सुधीर गुप्ता ने अध्यक्ष रहते हुए चुनाव लड़ा। यह सभी न सिर्फ चुनाव जीते, बल्कि लोगों के दिल में जगह बनाने के साथ ही पार्टी में एक मुकाम भी हासिल किया।

यहां अध्यक्ष बनते ही चव्वनी चलना बंद...

1993 से लेकर 2023 के दौरान कांग्रेस के मंदसौर जिलाध्यक्ष, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष या मंदसौर लोकसभा अध्यक्ष जैसे बड़े पदों पर रहते हुए जिन नेताओं ने चुनाव में प्रत्याशी बनकर जनता के बीच जाने की ठानी, उन्हें नतीजों में हार ही मिली। हार ही नहीं मिली बल्कि धीरे-धीरे उनके समर्थकों की कमी हो गई तो पार्टी में रुतबा कम होता गया। किसी न किसी कारण उनकी चवन्नी चलना भी बंद हो गई। अध्यक्ष रहते हुए हार की बात करें तो लोकसभा, विधानसभा, नपाध्यक्ष जैसे चुनाव तक के नतीजे शामिल हैं और जीत काफी दूर रही। विपीन जैन ने 2023 में चुनाव जीतकर 30 साल का कांग्रेस का इतिहास जरूर बदल दिया, लेकिन सत्ता में कांग्रेस नहीं होने से विधायकी रुतबा उन्हें हासिल नहीं हो पाया।

भाजपा में जिलाध्यक्ष बने सांसद-विधायक...

✲ प्रत्याशी का नाम चुनाव लडे चुनाव के समय संगठन में पद नतीजा ✲ कैलाश चावला 1993 में मंदसौर विधानसभा मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष 2869 मतों से चुनाव जीते ✲ ओमप्रकाश पुरोहित 2003 में मंदसौर विधानसभा मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष 22 हजार 912 मतों से चुनाव जीते 12 हजार मतों से जीते ✲ प्रहलाद बंधवार 2005 में मंदसौर नपाध्यक्ष मंदसौर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष 12 हजार मतों से जीते ✲ सुधीर गुप्ता 2014 में मंदसौर लोकसभा मंदसौर में भाजपा जिलाध्यक्ष 3 लाख 3 हजार 669 मतों से जीते।

कांग्रेस में यह अध्यक्ष लड़े और हारे...

✲ प्रत्याशी का नाम चुनाव लड़े चुनाव के वक्त संगठन में पद नतीजा
✲ नवकृष्ण पाटिल 1993 में मंदसौर विधानसभा मंदसौर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष 2869 मतों से हारे
✲ प्रकाश रातड़िया 2000 में मदसौर नपाध्यक्ष मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष 6 हजार मतों से हारे
✲ राजेंद्रसिंह गौतम 2004 में लोस मंदसौर मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एक लाख से अधिक मतों से हारे
✲ महेंद्रसिंह गुर्जर 2008 में मंदसौर विस मंदसौर युकां जिलाध्यक्ष 1685 मतों से हारे
✲ श्यामलाल जोकचंद 2008 में मल्हारगढ विस युकां ब्लॉक अध्यक्ष 3688 मतों से हारे
✲ सोमिल नाहटा 2015 में मंदसौर नपाध्यक्ष मंदसौर युकां लोस अध्यक्ष छह हजार मतों से हारे
✲ मो. हनीफ शेख 2020 में मंदसौर नपाध्यक्ष मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नपा उपचुनाव में 22-18 पार्षद मतों के अंतर से हारे

भाजपा में उलटा...

अध्यक्ष को चुनाव लड़ाने का फार्मूला भाजपा में कारगर रहा। कांग्रेस से ठीक उलट भाजपा में ये प्रयोग फायदेमंद रहा और समय-समय पर लोकसभा से लेकर विधायक और मंदसौर नपाध्यक्ष जैसे पद पर भी कब्जा किया। हालांकि इसके बाद उन्होंने संगठनात्मक जिम्मेदारी अन्य को सौंपने में देर नहीं की।

मंदसौर और पिपलिया मंडी के बीच दो हिस्सों में बटी मालगाड़ी, 17 डिब्बे ट्रैक पर ही छूटे

इंदौर - जोधपुर ट्रेन 2 घंटे मंदसौर स्टेशन पर खड़ी रही

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। रतलाम-नीमच रेलखंड पर मंदसौर व पिपलियामंडी स्टेशन के बीच में एक मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। मालगाड़ी के डिब्बों के बीच कपलिंग टूटने से लगभग 17 डिब्बे ट्रेक पर ही छूट गए। वहीं लोको पायलट इंजन व बाकी डिब्बों के साथ पिपलियामंडी पहुंच गए। वहां जाकर पता चला कि मालगाड़ी से डिब्बे पीछे छूट गए हैं। बाद में मंदसौर तरफ से भेजे गए इंजन के जरिये बीच ट्रैक पर खड़े डिब्बों को मंदसौर ले जाया गया। इस घटनाक्रम के चलते इंदौर- जोधपुर ट्रेन लगभग दो घंटे तक मंदसौर स्टेशन पर ही खड़ी रही।

मिली जानकारी अनुसार बुधवार सुबह मंदसौर से नीमच तरफ मालगाड़ी जा रही थी। इसी दौरान मंदसौर-पिपलियामंडी के बीच में ग्राम थड़ोद के पास मालगाड़ी के 17 डिब्बे अलग होकर रेलवे ट्रैक पर ही छूट गए। वहीं लोको पायलट इंजन के साथ ही आधे डिब्बे लेकर पिपलियामंडी स्टेशन पहुंच गए। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने मंदसौर स्टेशन व रतलाम कंट्रोल रूम को सूचना दी। लगभग एक घंटे में मंदसौर तरफ से इंजन आया और मालगाड़ी के बचे हुए 17 डिब्बों को मंदसौर स्टेशन ले गए। इस दौरान मंदसौर से चित्तौड़ तरफ जाने वाली इंदौर-जौधपुर एक्सप्रेस ट्रेन मंदसौर स्टेशन पर ही खड़ी रही। जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 2 घंटे लेट हुई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

पिपलियामंडी, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। अज्ञात वाहन की टककर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि 11 बजे करीब गरनई - बांसखेडी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने हाथीबोलिया निवासी राधेश्याम भेसोटा (टोपी सेठ) को टक्कर मार दी। जिसे मंदसौर जिला अस्पताल ले गया गया, डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नाहरगढ थाना प्रभारी रमेशचन्द दांगी ने बताया मामले की जांच जारी है।

रतलाम से बड़ौदा तीसरी रेल लाईन डालने की तैयारी

यात्री ट्रेन और मालगाड़ी चलाई जाएगी

रतलाम, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। भारतीय रेलवे रतलाम रेल मंडल के रतलाम से लेकर बड़ौदा तक तीसरी रेल लाइन डालने की शुरूआती तैयारी कर रहा है। नई रेल लाइन पर यात्री ट्रेन व मालगाड़ी को चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य गुड को तेज गति से अभी लग रहे समय से पूर्व पहुंचाना है। नई दिल्ली से लेकर मुंबई तक इन दिनों रेलवे ने यात्री ट्रेन की पूर्व की गति 110 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार को बढ़ाकर कुछ समय पूर्व ही 130 किमी प्रतिघंटा किया है। इस बढ़ी हुई रफ्तार से एक्सप्रेस, मेल सहित सुपरफास्ट ट्रेन को दौड़ाया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे ने नई दिल्ली से लेकर मुंबई तक ट्रेन की रफ्तार कायम रहे, किसी प्रकार से ट्रेन संचालन के दौरान मवेशी आदि से बाधा नहीं हो, इसके लिए सुरक्षा दीवार बनाना शुरू कर दिया है। रतलाम रेल मंडल में ये काम चल रहा है।

रतलाम-बड़ौदा ट्रेक ज्यादा व्यस्त...

पश्चिम रेलवे में सबसे व्यस्त रेलवे ट्रैक रतलाम से मुंबई के बीच बड़ौदा तक का है। इसकी वजह चारों दिशाओं से आने वाली ट्रेन इस मार्ग पर दौड़ती है। कलकत्ता, जयपुर, उदयपुर, अजमेर से मुंबई तरफ जाने वाली यात्री ट्रेन इसी मार्ग का उपयोग करती है। इसके अलावा पटना, दिल्ली, गाजीपुर, लखनऊ, कानपुर से चलकर मुंबई जाने वाली ट्रेन भी इसी मार्ग से मुंबई तरफ जाती है। यहां तक तो ठीक है, नीमच से लेकर चंदेरिया तक सीमेंट उद्योग अपने माल को अहदमदाबाद, पोर्ट आदि स्थान पर भेजने के लिए इसी रेल लाइन का उपयोग करते है। फिलहाल अप व डाउन लाइन पर दोनों दिशा में ट्रैक क्षमता के मुकाबले 145 प्रतिशत अधिक दबाव से ट्रेन दौड रही है।

इसलिए जरूरी तीसरी लाइन...

तीन साल से रतलाम से बड़ौदा के बीच कभी अप लाइन तो कभी डाउन लाइन में रेल दुर्घटना के बाद रेल यातायात देर तक प्रभावित हुआ है। यहां तक की दो से तीन दिन तक मुंबई - नई दिल्ली मुख्य लाइन पर एक लाइन बंद रही। ऐसे में न सिर्फ कई ट्रेनो को निरस्त करना पड़ा बल्कि कुछ को अन्य मार्ग से चलाना पड़ा। ऐसे में यात्री के साथ - साथ रेलवे को मालगाड़ी संचालन में परेशानी आई व राजस्व का नुकसान हुआ। इसके बाद ही रेलवे ने तीसरी लाइन की संभावनाओं को तलाशा व अब इस को डालने की तैयारी शुरू कर दी है।

पहले होगा सर्वे, फिर तय होगा बजट...

किसी भी नई रेल लाइन को बिछाने के पहले उस पर होने वाले व्यय का सर्वे होता है। सर्वे के बाद डीपीआर बनती है। इसके बाद रेलवे बोर्ड गुणदोष के आधार पर मंजूरी देता है। रतलाम - बड़ौदा रेल लाइन में भी सर्वे होना शेष है। लेकिन, रेलवे के उच्च पदस्थ सूत्रों का दावा है कि वर्ष 2030 के पहले रेलवे इस लाइन को बिछा लेगा।

इनका कहना...

रतलाम से बड़ौदा तीसरी रेल लाइन में कई स्तर का कार्य होना शेष है। वरिष्ठ कार्यालय स्तर पर इस बारे में मंथन जारी है।

रजनीश कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, रतलाम रेल मंडल

इस साल प्रचंड गर्मी लाएगा अलनीनो

22 से पड़ेगी तपिश वाली गर्मी, अगले माह से लू चलने की संभावना

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। गर्मी की शुरुआती सीजन में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इधर मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल सामान्य से अधिक गर्मी और अधिक लू वाले दिनों के होने का पूर्वानुमान है। क्योंकि, अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रह सकती है। फिलहाल, तापमान में कभी बढ़ोतरी हो रही है तो कभी गिरावट। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तापमान इसी तरह रहेगा। मार्च के आखिरी सप्ताह में तपिश बढ़ सकती है, लेकिन लू जैसी स्थिति अप्रेल-मई में ही होगी। मंदसौर अंचल में अप्रैल माह में 4 साल पहले 2020 में 2 दिन लू चली थी। पिछले 20 वर्षों में यही वह साल रहा जो सबसे ज्यादा तपा था।

सोमवार के मुकाबले दो डिग्री बढ़ गया दिन का तापमान...

मंदसौर में बुधवार को मौसम के तेवर तीखे हो गए। दिन का पारा तैतीस डिग्री पहुंच गया। इस सीजन में पहली बार पारा तैतीस डिग्री सेल्सियस पहुंचा। मंगलवार के मुकाबले इसमें 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। रात का तापमान 18.4 डिग्री दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में इसमें 2.8 डिग्री का इजाफा हुआ।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस समय हवा के रुख में बार-बार परिवर्तन हो रहा है। इसके कारण तापमान में उतार-चढाव की स्थिति है। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि मार्च में लू जैसी संभावना नहीं है, लेकिन आखिरी हफ्ते में अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री तक पहुंच सकता है। शहर में अप्रेल,मई माह में लू चलने का ट्रेंड रहा है। इस बार भी यहीं आसार दिख रहे हैं।

चुनाव ड्यूटी के लिए नियमित कर्मचारियों की कमी, संविदा के लिए मांगी अनुमति

भोपाल, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रदेश में पौने तीन लाख कर्मचारियों की आवश्यकता है। लेकिन, जिलों में नियमित कर्मचारियों की कमी है। श्योपुर, खंडवा और बालाघाट में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल सहित अन्य कार्यों में लगाने की अनुमति मांगी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने कलेक्टरों से कर्मचारियों की उपलब्धता की स्थिति को स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन मांगा है।

मध्य प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक केंद्र पर चार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। इस प्रकार 2 लाख 58 हजार 92 कर्मचारी लगते हैं। इसके लिए जिलों को कर्मचारी चिन्हित करने के लिए कहा गया था, ताकि उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जा सके। जब जिलों में इसकी सूची तैयारी की गई तो कुछ जिलों में नियमित कर्मचारियों की कमी पाई गई।

श्योपुर, खंडवा और बालाघाट जिले ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखकर संविदा कर्मचारियों को मतदान दल सहित अन्य कार्यों में शामिल करने की अनुमति मांगी है। जबकि, आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी संविदा वाले कर्मचारी को चुनाव कार्य में संलग्न न किया जाए। इस स्थिति को देखते हुए अब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां नियमित कर्मचारियों की उपलब्धता और संविदा कर्मचारियों की आवश्यकता को लेकर प्रतिवेदन दें ताकि चुनाव आयोग को अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा जा सके।

संविदा कर्मचारियों में वर्ग एक, दो, तीन और चार की स्थिति भी पूछी गई है ताकि आवश्यकता के अनुसार इनकी ड्यूटी लगाई जा सके। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के समय भी कुछ जिलों में नियमित कर्मचारियों की कमी को देखते हुए आयोग ने संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की अनुमति दी थी।

भर्ती नहीं होने से गड़बड़ाई स्थिति...

प्रदेश में लंबे समय से रिक्त पदों के विरुद्ध भर्तियां नहीं हुई हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार ने विधानसभा चुनाव के पहले एक लाख रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की थी। लगभग 60 हजार कर्मचारियों की भर्ती हो चुकी है और शेष के लिए प्रक्रिया चल रही है। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर अंतिम निर्णय नहीं होने को लेकर 13 प्रतिशत पद रोककर रखे गए हैं।

मामला कुत्तों के हमले से हुई बच्ची की मौत का...

मानव अधिकार आयोग ने जवाबदारों से मांगा जवाब

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मंगलवार को भानपुरा थाना क्षेत्र में कुतों के हमले से हुई बच्ची की मौत के मामले में मानव अधिकार आयोग ने जवाबदारों से जवाब मांगा है।

दरअसल भानपुरा नगर के पास आवारा कुत्तों द्वारा एक 12 वर्षीय बालिका के ऊपर जानलेवा हमला करने की घटना सामने आई थी। लोटखेडी निवासी बालिका अकेले ही अपने खेत से घर की तरफ जा रही थी, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया था। जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। कुत्तों को आवाज सुनने के बाद परिजन व अन्य खेत वाले पड़ोसी जब मौके पर पहुंचे तो बालिका लहूलुहान हालत में मिली। परिजन बालिका को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मंदसौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, भानपुरा - मदंसौर से मामले की जांच कराकर बालिका की मृत्यु के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रतिवेदन तथा मृतका के परिजन को दी गई आर्थिक मुआवजा राशि एवं आवारा कुत्तों से क्षेत्र के रहवासियों, विशेष कर बच्चों एवं वृद्धजन की सुरक्षा के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

लोकसभा चुनाव : उठने लगी कांग्रेस से विपिन जैन को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग

मंदसौर/उज्जैन, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। बीते 5 सालों से विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी पारिवारिक राजनीतिक आवरण उतार कर जनता के बीच आम कार्यकर्ता बनकर देश को जानने, जनता को समझने के लिए सड़क पर उतर चुके हा। तभी से कांग्रेस के पुनरुत्थान की कल्पना फिर से साकार होने लगी थी। देश के जनमत और भौगोलिक संस्कृति को समझने के युवराज के प्रयास कांग्रेस के उन छत्रप नेताओं के गले नहीं उतरा जो मुख्यालय के एसी में बैठकर कांग्रेस को जिलों से राज्यों तक निजी एजेंसी बना मालिक की तरह चल रहे थे। जैसे-जैसे राहुल गांधी का सतही राजनीतिक अनुभव बढ़ता गया, वैसे-वैसे नए युवाओं में उत्साह नजर आने लगा है। ऐसे ही नए नेता और युवा राहुल की नजर में आने लगें है।

राहुल की इसी यात्रा के चयन में विपीन जैन खरा सिक्का साबित हो रहे है। पहले जिला अध्यक्ष बने फिर विधायक प्रत्याशी और जीत कर विधायक बने हुए हैं। अब जब लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा होना बाकी है। मंदसौर में तलाशने पर सहज ही विपिन जैन का नाम आता है और राजनीतिक वातावरण में भी यही नाम प्रचलन में है। अजाक्स संगठन के चेतन दास ने बताया कि उनकी तरफ से विपिन जैन को ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई है। साथ ही तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने भी जैन को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की है। विपिन जैन विधायक हैं अत: इनकेनाम को प्राथमिकता तो मिलनी है। जबकि, मंदसौर संसदीय क्षेत्र के इतिहास पर नजर डालें तो संगठन के स्तर पर राष्ट्रीय नेतृत्व का जाना पहचाना नाम मीनाक्षी नटराजन से बेहतर कोई प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। मीनाक्षी ने ही लगातार भाजपा से सांसद बनने वाले डाक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे को हराया था बाद में मीनाक्षी को सुधीर गुप्ता ने हराया था। बावजूद इसके मीनाक्षी की छवि आज भी कांग्रेस संगठन और कार्यकर्ताओं में सादगी भरी होने के कारण सबसे बेहतर प्रत्याशी मानी जा रही है।

बीते विधानसभा चुनाव में भी मीनाक्षी ने विधायक प्रत्याशियों के चयन के समय स्वयं को दूर रखकर संगठन को स्वतंत्र निर्णय करने दिया था। जबकि पहले की तरह यह माना जा रहा था कि मीनाक्षी श्यामलाल जोकचंद और महेंद्र गुर्जर के नाम पर अपना समर्थन सार्वजनिक करेगी। तब भी समीक्षकों ने मीनाक्षी की इस बात के लिए आलोचना की थी कि जब संसदीय क्षेत्र से सांसद रही और क्षेत्र में आज भी सक्रिय है। तब संगठन को यह तो बताना चाहिए था कि किस विधानसभा से कौन कार्यकरता बेहतर प्रत्याशी होगा। मीनाक्षी की इसी नजरअंदाजी के कारण मल्हारगढ से जमीनी कार्यकर्ता श्यामलाल जोकचंद को बगावत करना पडी थी। अब जब कांग्रेस से अनेक छत्रप नेताओं ने किनारा कर लिया है। तब कमजोर होती कांग्रेस के लिए बेहतर प्रत्याशी बन मीनाक्षी को पार्टी को संगठित और जिंदा रखने के लिए मैदान में आना ही चाहिए। फिर चाहे जीत हो या हार। मीनाक्षी नटराजन और विपिन जैन के अलावा स्थानीय कार्यकर्ताओं में युवा सोमिल नाहटा का नाम भी प्रयोग के लिए लिया जा रहा है। जबकि, मतदाताओं में पिछडा वर्ग का हिस्सा देखते हुए अगर किसी पिछडा वर्ग के स्थापित नेता, कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने का प्रयोग भी कांग्रेस के लिए हितकर साबित हो सकता है।

चन्द्रमोहन भगत

सेवा, समर्पण और सर्वस्पर्शी विकास के

दिन

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी प्रतिबद्धता घोषणाओं और शिलान्यासों तक सीमित नहीं हैं, हम विकास को धरातल पर उतारने में विश्वास रखते हैं और इसी के लिए निरंतर कार्यरत हैं। वर्ष 2047 तक देश और मध्यप्रदेश को विकसित बनाने के लिए हम तेज गति से दौड़ रहे हैं। एयरपोर्ट, हाई-वे और रेलवे जैसी अधोसंरचना के साथ-साथ पढ़ाई, पानी और पर्यावरण से जुड़े कार्यों को भी नई गति मिली है। देश में तेजी से हो रहे नगरीकरण के अनुकूल आधुनिक अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है, यही डबल इंजन सरकार का मूल मंत्र है।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

90 उपलब्धियां

आध्यात्मिक अभ्युदय ▶▶▶

- श्रीराम-वन-गमन पथ विकास के लिये न्यास की पहली बैठक का आयोजन
- भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों को धार्मिक स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना
- प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में चित्रकूट के घाट पर अध्यात्म का अनुभव परियोजना का भूमिपूजन
- गौरवशाली संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत पर केन्द्रित विक्रमोत्सव 2024 का उज्जैन में आयोजन
- प्रधानमंत्री जी द्वारा उज्जैन में विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का शुभारंभ
- देवस्थानों के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिये मंत्रीगणों की समिति का गठन
- सिंहस्थ महाकुंभ-2028 के कार्यों के लिये 19 विभागों की ₹19 हजार करोड़ की प्रारंभिक कार्ययोजना
- इंदौर से उज्जैन, ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, जबलपुर से चित्रकूट तथा ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिये हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ करने का निर्णय
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अयोध्या में आस्था भवन (धर्मशाला) निर्माण का निर्णय
- शासकीय कैलेंडर में विक्रम संवत अंकित किये जाने का निर्णय
- देवालयों में लगने वाली सामग्री के निर्माण को कुटीर उद्योग के अंतर्गत प्रोत्साहन देते हुए स्व-सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण एवं मंदिरों में सामग्री के स्टॉल लगाए जाने का निर्णय

गौ-संरक्षण एवं संवर्धन ▶▶▶

- भारतीय नव वर्ष अर्थात इस चैत्र माह से अगले वर्ष तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाने का निर्णय
- गौशालाओं को प्रति गौ-वंश मिलने वाले ₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹40 करने का निर्णय
- चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएंगे

- गौशालाओं को भूसा प्रबंधन के लिये आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के लिये अनुदान तथा प्रोत्साहन
- प्रत्येक 50 किलोमीटर पर घायल गायों को इलाज के लिये परिवहन हेतु हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध का निर्णय
- अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कर नई गौशालाएं प्रारंभ करने का निर्णय
- गौशालाओं को श्रेष्ठ संचालन के लिये पुरस्कृत किया जाएगा

किसान कल्याण ▶▶▶

- गेहूं का समर्थन मूल्य ₹2275 के साथ ₹125 प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय
- किसान सम्मान निधि में 80 लाख से अधिक किसानों को ₹1816 करोड़ की सहायता
- फसल बीमा योजना खरीफ (2023) में 25 लाख से अधिक किसानों को ₹755 करोड़ के दावों का भुगतान
- शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को फसल ऋण की सुविधा

महिला सशक्तिकरण ▶▶▶

- 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹4728 करोड़ की सहायता
- 46 लाख बहनों के खाते में ₹450 में गैस सिलेंडर की रीफिलिंग के लिए ₹ 118 करोड़ की राशि का अंतरण
- 2 लाख 45 हजार से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को ₹86 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति
- महिला स्व-सहायता समूहों को ₹ 9838 करोड़ की ऋण सहायता

जनजातीय कल्याण ▶▶▶

- प्रधानमंत्री जी द्वारा ₹170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹3000 प्रति बोरा से बढ़कर ₹4000 हुआ, लगभग 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ
- पीएम जन-मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ की लागत से हो रहे अधोसंरचना कार्य। 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित
- श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को प्रति क्विंटल ₹1000 का अतिरिक्त प्रोत्साहन
- पीएम जन-मन मिशन में बैगा, भारिया और सहरिया अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिये एक किलोवॉट क्षमता की ऑफ ग्रिड प्रणाली (सोलर+बैटरी) से बिजली पहुंचाने की योजना

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11245/23

अधोसंरचना विकास ►►►

- ₹5000 करोड़ की लागत से उज्जैन-जावरा 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण का निर्णय
- ₹10 हजार करोड़ से अधिक लागत की 724 कि.मी. लंबी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- ₹350 करोड़ की लागत से इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर
- प्रधानमंत्री जी द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया ग्वालियर एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का लोकार्पण। ₹24 हजार 500 करोड़ की अधोसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण
- 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 133 रेल ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा में 550 से अधिक शहरी ई-बसों के संचालन का निर्णय
- ₹1540 करोड़ की लागत से भोपाल मेट्रो के 8 नये स्टेशनों का भूमिपूजन
- कायाकल्प अभियान में ₹2500 करोड़ के निवेश से बदल रही है शहरी सड़कों की तस्वीर
- ₹308 करोड़ की लागत से खरगोन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन
- ग्वालियर-बेंगलुरु, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा का शुभारंभ
- जबलपुर में ₹486 करोड़ की लागत से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के लिये नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति



शिक्षा एवं युवा कल्याण ►►►

- प्रत्येक जिले में एक शासकीय महाविद्यालय का पी.एम. उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय एवं खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शुभारंभ
- आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में देश के पहले शोध-आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केन्द्र का लोकार्पण
- शासकीय नौकरियों के लिये चयनित लगभग 10 हजार उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदाय
- प्रदेश के स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिये ₹50 हजार से लेकर ₹ 1.50 लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान
- राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस के अवसर पर 7 लाख युवाओं को ₹5 हजार करोड़ का स्व-रोज़गार ऋण वितरित
- शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों को छठवें वेतनमान स्कीम के अनुरूप अकादमिक ग्रेड-पे दिए जाने का निर्णय
- विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की अंकसूची एवं उपाधियों को डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था
- आगर-मालवा में नया विधि महाविद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय
- शिक्षा में गुणवत्ता के लिये भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, रीवा के 6 विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना
- उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय औसत से अग्रणी
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश
- व्यावसायिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा का एकीकरण कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर 35 व्यावसायिक विषयों का पाठ्यक्रम में समावेश

जनोन्मुखी प्रशासन ►►►

- लाउड स्पीकर के अनियंत्रित एवं अनियमित प्रयोग पर प्रतिबंध
- प्रदेश में खुले में मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित
- प्रशासनिक संवेदनहीनता तथा लापरवाही पर कठोर कार्यवाही
- जनहितैषी विषयों पर त्वरित निर्णय- बीआरटीएस हटाने का फैसला
- प्रधानमंत्री जी द्वारा सायबर तहसील परियोजना का सभी 55 जिलों में शुभारंभ
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संभागों की समीक्षा बैठकों का आयोजन, विकास एवं कानून व्यवस्था के विषयों पर चर्चा तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित निर्णय
- प्रशासनिक सीमाओं का पुनर्निर्धारण एवं युक्तियुक्तकरण के लिये प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाने का निर्णय
- राजस्व महाअभियान के तहत 10 मार्च तक नामान्तरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन आदि के 30 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा
- चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय सुशासन और कार्यदक्षता का उदाहरण बना
- प्रदेश में बोरवेल के खुले गड्ढे अभियान चलाकर किये गये बंद
- 2 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को पात्रतानुसार उच्च पद का प्रभार
- मंत्रिपरिषद के सदस्यों के नेतृत्व क्षमता विकास पर लीडरशिप समिट बनी दूसरे राज्यों के लिये उदाहरण
- प्रत्येक जिले में जिला पुलिस बैंड का गठन

जल प्रबंधन ►►►

- ₹35000 करोड़ लागत की 3.37 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना स्वीकृत
- ₹4168 करोड़ की लागत से 1.20 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता की सीतापुर-हनुमना माइक्रो सिंचाई परियोजना को स्वीकृति
- खरगोन जिले में ₹557 करोड़ से अधिक की पीपरी माईक्रो उद्वहन, बलकवाड़ा माइक्रो उद्वहन, चौण्डी जामुनिया माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएं तैयार
- शामगढ़-सुवासरा, मोहनपुरा तथा आगर-मालवा की कुण्डालिया वृहद सिंचाई परियोजनाओं से 1.39 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता का विस्तार

श्रमिक कल्याण ►►►

- इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 श्रमिक परिवारों को ₹224 करोड़ की राशि का भुगतान
- अकुशल श्रमिकों की मासिक मजदूरी ₹1,625 से ₹11,450, अर्धकुशल श्रमिकों की मजदूरी ₹1,764 से ₹12,446, खेतीहर मजदूर की मजदूरी ₹1,396 से बढ़ाकर ₹9,160 करने का निर्णय
- श्रमिकों को ई-स्कूटर खरीदने पर आर्थिक मदद का फैसला
- संबल योजना के माध्यम से दिवंगत या विकलांगता के दौरान दी जाने वाली सहायता राशि ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹4 लाख करने का फैसला

उद्योग एवं निवेश ►►►

- औद्योगिक विकास को तेज करने के उद्देश्य से उज्जैन में दो दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का सफल आयोजन
  - कॉन्क्लेव में 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि का आवंटन। इन इकाइयों द्वारा ₹12 हजार 170 करोड़ से अधिक का निवेश। 20 हजार से अधिक लोगों को मिलेंगे रोज़गार के अवसर
  - ₹10 हजार करोड़ से अधिक लागत की 61 से अधिक उद्योग इकाइयों का शुभारंभ, 17 हजार से अधिक रोज़गार सृजन की संभावना
  - ₹1 लाख करोड़ से अधिक के मिले निवेश प्रस्ताव
  - कॉन्क्लेव में कुल 12 देशों और 650 से अधिक औद्योगिक निवेशकों द्वारा भागीदारी। 4000 से अधिक डेलिगेट्स ने लिया भाग, 2100 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें
- प्रदेश के प्रमुख शहरों में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन का निर्णय
- ग्वालियर व्यापार मेला की तर्ज पर उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला प्रारंभ। ₹2300 करोड़ के कारोबार का अनुमान

स्वास्थ्य ►►►

- **पीएम श्री एयर एम्बुलेंस का शुभारंभ**। गंभीर बीमार अथवा दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को एयरलिफ्ट से समय पर उपचार की सुविधा। आयुष्मान कार्ड धारकों को मिलेगा निःशुल्क लाभ
- निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में उपकरणों के लिये ₹1200 करोड़ की स्वीकृति
- प्रदेश में 13 नये नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय
- उज्जैन में नये शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण के लिये ₹592 करोड़ की स्वीकृति
- सभी जिला अस्पतालों में शव वाहन की व्यवस्था
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर एवं खजुराहो में नये आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय

विविध ►►►

- स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहर का लगातार सातवीं बार इंदौर को मिला पुरस्कार
- मध्यप्रदेश को देश का दूसरा स्वच्छतम् राज्य और भोपाल को मिला स्वच्छतम् राजधानी का पुरस्कार
- मध्यप्रदेश को देश में सर्वाधिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी में मिला प्रथम स्थान
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन
- राज्यों की स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 और राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार 2023 के अंतर्गत मध्यप्रदेश "लीडर" के रूप में पुरस्कृत

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

होली दहन में सूखी लकड़ी एवं गोबर के कंडो का प्रयोग करें-कलेक्टर

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले पर्व जिसमे नाहर सैय्यद राष्ट्रीय एकता मेला, होलिका दहन, धुलेंडी, गुड फ्रायडे, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी, गुड़ी पडवा / चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, चैती चाँद, ईद-उल-फीतर, डॉ. अंबेडकर जयंति / वैशाखी, रामनवमी, महावीर जयंति और हनुमान जयंति पर्वो पर की जाने वाले शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी समाज जनों से आग्रह किया गया की होलिका दहन में हरे पौधों को ना काटा जाए। इसके स्थान पर सूखी लकड़ी एवं गोबर के कंडो का प्रयोग करें एवं संयमित रूप से होली खेले। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

आगामी दिनों में आने वाले पर्वो के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में आदर्श आचरण संहिता का अच्छे से पालन करें। अगर कोई कार्यक्रम आयोजित होता है, तो उसकी पहले विधिवत रूप से अनुमति ली जाए। अनुमति के बाद ही कार्यक्रम आयोजित करें। आगामी सभी पर्व में शासन प्रशासन के नियम अनुसार ही कार्यक्रम आयोजित करें। लाउडस्पीकर को बजाने में नियमों का पालन करें। दिन में अगर लाउडस्पीकर बजा रहे हो तो उसके लिए विधिवत अनुमति ली जाए। नगर पालिका मंदसौर त्योहार के दौरान साफ सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखें। एमपीईबी विभाग लाइट के खंभे एवं तार को अच्छे से चेक करे, कही झुके हुए ना हो। इसके लिए एक बार फील्ड विजिट करें। ट्रैफिक पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि बस के रुकने के स्थान को चिन्हित करें एवं चिन्हित स्थान के बगैर हर कहीं बस खडी होती है, तो चालानी कार्यवाही करें।

शहर में घूमने वाले आवारा कुत्तो को पकड़ने के लिए सीएमओ को पत्र सौंपा...

कार्यवाही नहीं होने पर लेंगे न्यायालय की शरण

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मंगलवार को मंदसौर जिले के भानपुरा में आवारा श्वान के हमले में एक मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई तथा उसके बाद उसकी मौत हो गई। इस विभत्स घटना के बाद मंदसौर शहर में घूम रहे आवारा श्वानों को पकड़ने के लिए मंदसौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका मन्दसौर श्री सुधीरसिंह को पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। डॉ तोमर ने बताया कि मंदसौर शहर के प्रत्येक गली मोहल्ले में बडी संख्या में आवारा स्वान घूम रहे हैं, पिछले कई वर्षों में छोटे-छोटे मासूम बच्चों एवं वृद्धजनों के साथ बड़ी घटनाएं हो चुकी है। उसके बाद भी कोई कारवाई नहीं की जा रही है। डॉ तोमर ने सीएमओ श्री सिंह से मुलाकात कर आग्रह किया कि आवारा स्वानो को पकडकर जो उनके लिए स्थान सुरक्षित किया गया है वहां पर छोड़ा जाए ताकि मंदसौर में कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। डॉ तोमर ने श्वान प्रेमियों से भी आग्रह किया है कि नगर के हित में आवारा श्वानों को पकडने में नगर पालिका की मदद करें। डॉ तोमर ने बताया कि गुरुवार को मंदसौर नगर की कुछ माताओं की ओर से एक याचिका भी लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत के न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी।

फाग यात्रा की तैयारी- श्री श्याम सखा मित्र मंडल द्वारा शहर में तृतीय वर्ष 17 मार्च को फाग यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी लगातार चल रही है। फाग यात्रा के निमित्त शहर के चौराहो को सजाया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने स्व. मुकुन्द जोशी को दी श्रृद्धाजंलि

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। अल्पआयु में ही शहर में अपनी अलग ओर अमिट पहचान बनाकर परमात्म ज्योति में लीन हुए युवा मुकुन्द जोशी का असामयिक निधन होने पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने दु:ख व्यक्त किया और जीवागंज स्थित निवास भगवत कृपा पहुंचकर श्रृद्धाजंलि अर्पित करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि मुकुन्द ने अपना पूरा जीवन जीवटता और कर्तव्यपरायणता के साथ व्यतीत किया है, उसका पूरा व्यक्तित्व नई पीढी के लिए प्रेरणादाई है।

डिप्टी सीएम श्री देवडा करीब पौन घंटे तक श्री जोशी के निवास भगवतकृपा पर रूके और परिवार के अग्रज अन्तर्राष्ट्रीय भागवताचार्य गोलोकवासी पं मदनलाल जोशी के ज्येष्ठपुत्र शिक्षाविद कैलाश जोशी, वरिष्ठपत्रकार व मंदसौर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी समेत पूरे परिवार को ढांढस बंधाया, उन्होंने कहा कि मुकुन्द सबका लाड़ला था, उसका बिरला व्यक्तित्व था, एक ही बार में किसी को भी सदा के लिए अपना बना लेना उसका गुण था। हर व्यक्ति की मदद के लिए वह सदैव तत्पर रहता था, अल्पआयु में ही उसने शहर के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में अपनी बढ-चढ कर भागीदारी की थी, मुकुन्द के संस्कार उसे पूरे शहर में अपनी अलग पहचान दिला रहे है। ऐसे व्यक्तित्व का असमय पर परमात्म ज्योति में लीन होना ना केवल भगवतकृपा परिवार बल्कि पूरे शहर के लिए अपूरणीय क्षति है। डिप्टी सीएम श्री देवडा के साथ ही मंदसौर, जावरा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपीन जैन, पूर्व गृहमंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, नवकृष्ण पाटिल, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर समेत अनेक जनप्रतिनिधियोयों व गणमान्य जनों ने भी निवास भगवतकृपा पहुंचकर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। भानपुरा पीठ के शंकराचार्य जगदगुरू 1008 ज्ञानानंदजी तिर्थ महाराज समेत पीठ के युवाचार्य वरुणेंद्रजी तीर्थ एवं भारतवर्ष की पैदल परिक्रमा कर रहे पूज्य स्वामी श्री निर्मल चेतन्यजी महाराज ने भी दुरभाष पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। पुज्य संतों ने कहा कि परमात्म ज्योति में लीन मुकुन्द संत सेवा में भी सदैव अग्रणी रहता था, संतों के प्रति उसके संस्कारों की जितनी प्रशंसा की जाऐ वह कम है। अल्पआयु में ही वह अपने नाम को सार्थक कर गया।

बिना अनुमति आपकी दीवार पर नहीं किया जा सकता प्रचार

भोपाल, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। चुनाव में प्रत्याशी और राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार के लिए अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करते हैं। इसमें एक दीवार लेखन और पोस्टर लगाना भी शामिल है। इसके लिए निर्वाचन नियमों के अनुसार पहले अनुमति लेनी होती है। यह निर्वाचन कार्यालय द्वारा आवेदन करने पर दी जाती है। इसका उल्लंघन करने पर मध्य प्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 के प्रविधान अनुसार कार्रवाई की जाती है।

इसमें प्रविधान है कि संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुमति के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थों सें लिखकर या चिह्नित करके उसे विरूपित करेगा, उसे दंडित किया जाएगा। अर्थदंड एक हजार रुपये तक का हो सकता है। शासकीय या निजी सभी भवन संरचना, चौराहे, नोटिस बोर्ड, रेलवे प्लेटफार्म, सर्वसाधारण की सूचना का नोटिस बोर्ड, बिजली या टेलीफोन के खंबे आदि पर बिना अनुमति के नारे लिखना या लिखवाना, झंडा लगवाना, बैनर फ्लैक्स टांगना, प्रतीक चिन्ह बनाना या लगाना भी संपत्ति विरूपण की परिधि में आता है। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही ऐसे सभी स्थानों से प्रचार सामग्री हटाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

लोकसभा चुनाव दृष्टिगत सुवासरा विधानसभा के मंडलो की संगठनात्मक बैठक संपन्न

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में आज दिनांक 13 मार्च 2024 बुधवार को मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा के कयामपुर (कैलाशपुर) मंडल की बैठक मंडल के कार्यकर्ताओं से संवाद कर बूथ विजय अभियान को लेकर बूथ स्तर के 10 करणीय कार्य, लोकसभा चुनाव की तैयारी, प्रत्येक बूथ पर विजय संकल्प आदि बिंदुओं पर मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान,हिम्मत डांगी, जितेंद्र सिंह कोटड़ा माता,सुनीता पालीवाल, मंडल अध्यक्ष श्री लालसिंह देवड़ा, श्री ओमप्रकाश परमार ,जगदीश परमार , भगवान सिंह शक्तावत, प्रसून मंडलोई,सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। तत्पश्चात सीतामऊशहरी एवं ग्रामीण मंडल की बैठक में बूथ विजय अभियान को लेकर दोनों मंडलों के कार्यकर्ताओं से संवाद वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बूथ पर आवश्यक करणीय कार्यो को संपादित करने के दिशा निर्देश वरिष्ठ जनों द्वारा दिए गए। इस अवसर पर सभी ने उत्साह से प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय का संकल्प लिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

मप्र में अब सीधा डाक्टरों के खाते में जाएगा ग्रामीण क्षेत्र भत्ता

भोपाल, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश भर के सरकारी डाक्टरों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब उन्हें ग्रामीण क्षेत्र भत्ता लेने के लिए सीएमएचओ कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। हर माह की पांच तारीख को उनके खाते में राशि पहुंच जाएगी। उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेंद्र शुक्ल को शिकायत मिली थी कि डाक्टरों को समय पर प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है। उन्हें यह राशि देने में आनाकानी की जाती है। इसके बाद उन्होंने राशि आनलाइन उनके खाते में डालने के लिए कहा है। इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार ऐसी भी शिकायतें मिल रही थीं यह राशि लेने के लिए पांच से 10 प्रतिशत तक कमीशन भी डाक्टरों को देना पड़ रहा था।

स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाए हो रही है सशक्त-विजयवर्गीय

नव निर्मित आडिटोरियम एवं हॉस्पिटल का किया लोकार्पण, करोड़ों की योजनाओं के कार्यो का किया भूमिपूजन

मनासा, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मनासा विधानसभा क्षेत्र में करोडो के विकास का भूमि पूजन एवं 100 बेड नव निर्मित सिविल हॉस्पिटल, साथ ही नव निर्मित आडिटोरियम भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे, मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई है ! उन्होने देश को संस्कृति, संस्कार के अनुरूप ढालने का प्रयास किया है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार व्दारा जन हितैषी कार्य किए जा रहे है। राजस्व महाअभियान के तहत पिछले डेढ महिने में जितने नामांतरण एवं सीमांकन व राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है। उतना पहले कभी नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में स्व सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। अब देश में जेट विमान उडाने का काम भी नारी शक्ति कर रही है। दीदीयां ड्रोन उडा रही है। देश के चार करोड लोगों को पक्के मकान मिले है और 24 करोड लोग गरीबी रेखा से उपर आए है। वहीं विधायक माधव मारु एवं नगर परिषद् अध्यक्ष सिमा अजय तिवारी द्वारा मनासा नगर के विकास के लिये की गयी मांगो पर, मंत्री विजयवर्गीय ने कहा की में अभी मंच से कोई घोषणा नहीं करता, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद आपके द्वारा की गयी अधिक से अधिक मांगो को पूरा करने का वादा करता हु !

नगर परिषद् अध्यक्ष ने दिया स्वागत उद्बोधन–नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सिमा अजय तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुवे कहा की, मनासा नगर के विकास एवं अब तक हुए कार्यो और भविष्य में प्रस्तावित कार्यो की जानकारी से अवगत करवाया, एवं मनासा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर बनाने में सभी से सहयोग की अपेक्षा बताई, कार्यक्रम को नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी ने भी सम्बोधित किया एवं नगर विकास की मांगो का एक मांग पत्र मंत्री महोदय को दिया !

विधायक मारु ने रखी रिंग रोड की मांग–विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने अपने उदबोधन में कहा कि पिछले पांच सालों में मनासा क्षेत्र का काफी विकास हुआ है। गांधी सागर का पानी सिंचाई के लिए जिले एवं क्षेत्र के किसानों को मिलने जा रहा है। हर घर नल से जल योजना का काम भी तेजी से चल रहा है। उन्होने मनासा के रिंगरोड निर्माण, एवं वृंदावन गार्डन के विकास के लिए राशि स्वीकृति की मांग भी नगरीय विकास मंत्री से की साथ ही

विधायक मारु ने कहा की जो लोग गरीब लोगो को परेशान करेंगे उनके खिलाफ प्रशासन सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा!

नीमच से रामगज मंडी रेलवे लाईन पर नहीं बोले सांसद गुप्ता, गिनवाई अन्य उपलब्धियां–सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ हमें मिल रहा है। संसदीय क्षेत्र में तीन नये मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। साथ ही क्षेत्र में 5 नई रेल लाईन भी स्वीकृत हुई है। अमृत स्टेशन योजना में क्षेत्र के 5 स्टेशन शामिल किए गए है, वहीं नीमच से रामगज मंडी बहुप्रतीक्षित रेलवे लाईन के बारे में विस्तार से कुछ नही बोले, जबकि इस रेलवे लाईन का अंतिम सर्वे भी पूर्ण हो चूका हे, ज्ञात हो की नीमच जिले का एक बडा क्षेत्र रेलवे की सौगात से वंचित हे, जिसमे नीमच जिले की मनासा विधानसभा, रामपुरा, गांधीसागर, भानपुरा, आदि क्षेत्र लाभान्वित होगा यदी ये लाईन मंजूर होती हे तो, बहरहाल फिलहाल तो सांसद सुधीर गुप्ता जनता से जून में, गांधीसागर क्षेत्र को पर्यटन के रूप में बड़ी सौगात की ग्यारंटी का वादा कर गये है।

नव निर्मित आडिटोरियम एवं हॉस्पिटल का फीता काटकर किया जनता को समर्पित–नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने मनासा शहर में, बने नव निर्मित, भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेयी सभा गृह (आडिटोरयम) लागत 2.70 करोड एवं मोरवन चौराहे पर, निर्मित 100 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल लागत 20 करोड़, दोनों का फीता काटकर लोकार्पण किया और अतिथियों के साथ आडिटोरियम एवं अस्पताल भवन का अवलोकन कर भवन निर्माण की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंत्री विजयवर्गीय ने मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक मारू, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, पार्षदगणों एवं जनप्रतिनिधियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक अनिरूद्ध मारू, विधायक नीमच दिलीप सिह परिहार,भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, मनासा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, कुकडेश्वर नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमति उर्मिला महेंद्र पटवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं कलेक्टर दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद, सहित अन्य अधिकारी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।

नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व पशु प्रेमियों के साथ बैठक संपन्न

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। विगत दिनों भानपुरा में एक छोटी बालिका को कुत्तों के समूह के द्वारा कांटे जाने के कारण जो मृत्यु हुई है। ऐसा घटनाक्रम मंदसौर नगर में न हो इसको लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद ने एतिहाद के तौर पर उपाय करने का निर्णय लिया है, मंदसौर नगर मे आवारा व लावारिस कुत्तों के कारण आमजनता को जो परेशानी हो रही है उसके निराकरण के लिए कल नपाध्यक्ष के कक्ष में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व पशु प्रेमियों के मध्य संयुक्त बैठक हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जो भी कुत्ता या पशु बीमार है या वह आमजनों के लिए घातक बन सकता है ऐसे पशुओं को नगर पालिका अपने कांजी हाउस पर पहुंचायेंगी व

उनका उपचार कांजी हाउस में ही किया जायेगा। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व पशुप्रेमी अवरोध नहीं करेंगे और नगर पालिका के कार्य में जो भी सहयोग हो सकेगा सहयोग प्रदान करेगे। नपा अपने कचरा वाहन में एक पेटी रोटी के लिए भी लगायेंगी और जो भी रोटी या अन्य खाद्यान्न मिलेगा उसे पशु प्रेमीयों को सौपा जायेगा यह खाद्यान्न कुतों और अन्य पशुओं तक पशुप्रेमी पहुंचायेंगे।

इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमोदवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, नपा सभापतिगण श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, सभापति प्रतिनिधि अमन फरक्या, नरेन्द्र बंधवार, पार्षदगण भारती पाटीदार, सुनिता गुजरिया, आशीष गौड, राकेश भावसार, राजेश सोनी एरावाला, तरूण शर्मा भी उपस्थित थे।

अग्रिम कर का भुगतान समय पर करें-आयकर अधिकारी

मंदसौर, 13 मार्च गुरु एक्सप्रेस। आयकर विभाग मन्दसौर द्वारा व्यापार संघ एवं कर सलाहकार परिषद के साथ अग्रिम कर पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यापार एसोसिएशन और कर सलाहकार परिषद एवं व्यापारीगण करदाता उपस्थित हुए तथा अग्रिम कर की आगामी किस्त के रूप में सही-सही अग्रिम कर के भुगतान हेतु आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार द्वारा संबोधित करते हुए सही-सही अग्रिम कर के भुगतान हेतु निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने का अनुरोध किया गया। उक्त सेमिनार में आयकर विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा साथ ही कर सलाहकार संघ अध्यक्ष श्री विरेन्द्र कुमार राणावत, सीए एसोसिएशन अध्यक्ष श्री दिनेश जैन, सीए एसोसिएट्स सचिव श्री विकास भण्डारी तथा अन्य कर सलाहकार द्वारा भी अग्रिम कर पर अपना उद्बोधन दिया गया।

✻ शवयात्रा ✻

स्वर्गीय केसरीमल जी के सुपुत्र एवं शांतिलाल जी के भतीजे एव स्व.हिम्मत सिंह के छोटे भाई एवं नवीन,प्रकाश, जितेंद्र ,प्रमोद के बड़े भाई करण जैन के पिताजी चिमनलाल जी जैन (बोकडिया) का स्वर्गवास आज दिनांक 13/03/2024 को हो गया जिनकी शवयात्रा शववाहन द्वारा दिनांक 14/03/2024 गुरुवार को प्रात: 9 बजे निज निवास संजीत रोड ब्रिज के नीचे मंदसौर से निकाली जाएगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
शांतिलाल जी,नवीन,प्रकाश जितेंद्र,प्रमोद,करण जैन एवं समस्त बोकडिया जैन परिवार
नीमच,मंदसौर
मो.–8959697851

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.SR-12 जो की श्री कांतिलाल जैन पिता श्री हीरालाल जैन को मण्डल आदेश क्रमांक 1361 दिनांक 14.03.2006 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.04.2006 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री कांतिलाल जैन पिता श्री हीरालाल जैन द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती निधी बंसल पति श्री नितिन बंसल को कर दिनांक 24.11.2023 को इनके पक्ष में भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती निधी बंसल पति श्री नितिन बंसल अपने नाम करवाना से चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.SR-12 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती निधी बंसल पति श्री नितिन बंसल के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.IV-11 जो की श्री रघुनाथ सिंह राठौर पिता श्री ओंकार सिंह राठौर को मण्डल आदेश क्रमांक 2005 दिनांक 13.07.2005 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2008 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री रघुनाथ सिंह राठौर पिता श्री ओंकार सिंह राठौर का स्वर्गवास दिनाक 07.12.2021 को हो जाने से इनके पुत्र श्री विजयराज सिंह राठौर पिता स्व. श्री रघुनाथ सिंह राठौर अपनी माता श्रीमती रत्नेश पति स्व. श्री रघुनाथ सिंह राठौर एवं बहन श्रीमती प्रभाकुंवर सोलंकी पति श्री जितेन्द्र सिंह सोलंकी की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्री विजयराज सिंह राठौर पिता स्व. श्री रघुनाथ सिंह राठौर अपने नाम करवाना से चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो यह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.IV-11 गाँधी नगर मदसौर का नामान्तरण श्री विजयराज सिंह राठौर पिता स्व. श्री रघुनाथ सिंह राठौर के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)

कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक– मंदसौर, दिनांक–

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कमलेश पिता बगदुजी कल्याणपुरा, तहसील भानपुरा, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा और मेरे पिता का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

गलत नाम	सही नाम
कमलेश मेघवाल पिता बगदीराम मेघवाल	कमलेश पिता बगदु

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट

कार्यालय व निवास–207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)–458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 31/2024 दिनांक 13.03.2024

✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा अंकित पिता ललित कुमावत, निवासी–रेवास देवडा, तहसील व जिला–मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम–रेवास देवडा पटवारी हल्का नं. 02, तहसील व जिला–मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई–पंजीकरण क्र. MP249392024ए1304056, दिनांक 10/03/2024 से मेरे पक्षकार पुजा पति अंकित कुमावत, निवासी–रेवास देवडा, तहसील व जिला–मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:–

पूर्व में– कन्हैयालाल मुन्देल, पश्चिम में अंबालाल छापेला, उत्तर में–रोड, दक्षिण में–जगदीश का मकान, पैमाईश रकबा–1026 वर्ग फीट या 95.31 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in